# रूस से निवेश और औद्योगिक सहयोग बढ़ाएगा उत्तर प्रदेश

## इन्वेस्ट यूपी और मॉस्को के बीच सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में विदेशी निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति देने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए इन्वेस्ट यूपी के रूस डेस्क और मॉस्को सरकार के बीच सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

बृहस्पतिवार को हुई उच्च स्तरीय वर्चुअल बैठक में दोनों पक्षों ने औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन और रणनीतिक क्षेत्रों में साझेदारी को लेकर गंभीर संवाद किया। जिससे यूपी और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों को नई मजबूती मिल सकती है।

वर्चुअल बैठक में मॉस्को सरकार के निवेश एवं औद्योगिक नीति विभाग के मंत्री अनातोली मिखाइलोविच गोर्वाच्योव के साथ गेन्नादी डेग्तेव (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टेक्नोपोलिस मॉस्को), अनातोली एवेरिन, इरीना पिंगोरीना, तातियाना और अमर दीप सिंह (भारतीय प्रतिनिधि) शामिल रहे। यह बैठक पिछले महीने आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो में रूस के पार्टनर देश के रूप में शामिल होने के बाद हुई है। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार अब व्यापक व्यापार सहयोग को मजबूत करने के लिए रूसी सरकार के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है।

बैठक में दोनों पक्षों ने नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी-आधारित उद्योगों में संभावित सहयोग पर विचार-विमर्श किया। बैठक में सहमति बनी कि दोनों देशों के उद्यमों के बीच सीमा-पार निवेश और औद्योगिक साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मॉस्को के प्रतिनिधिमंडल को उत्तर प्रदेश आकर संभावित निवेश स्थलों का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया।